Nav Bharat Times-New Delhi-20-04-2011

डीयू की नई पॉलिसी, होगी ऑनलाइन प्रोफाइलिंग

सीधा एडमिशन, फॉर्म को फेयरवेल

भूपेंद्र ॥ नॉर्थ कैंपस

डीयू ने सेशन 2011-12 के एडमिशन प्रोसेस का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस बार एडमिशन नए नियमों के मुताबिक होंगे और स्टूडेंट्स को ऑफलाइन या ऑनलाइन कोई फॉर्म नहीं भरना होगा। कॉलेज सीधे कट ऑफ जारी करेंगे और स्टूडेंट कॉलेज में जाकर एडमिशन ले सकेंगे। अभी रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 15 दिन का होता था और स्टूडेंट्स 10-10 कॉलेजों में जाकर फॉर्म भरते थे। सेंट्रलाइज्ड फॉर्म भी लाखों की संख्या में बिकते थे। यूनिवर्सिटी का कहना है कि नए प्रोसेस में स्टूडेंट्स का खर्चा भी कम होगा। हालांकि जिन कोर्सेज के लिए एंट्रेंस टेस्ट होता है, उनमें पहले की तरह अलग से फॉर्म भरने का नियम जारी रहेगा। इस बार 4 के बदले 5 कट ऑफ होंगी और फीस जमा करवाने के लिए हर कट ऑफ में 3 के बदले 4 दिन का समय मिलेगा।

डीयू ने रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर तो बैन लगा दिया है लेकिन कॉलेजों को सशर्त ऑनलाइन ऐप्लीकेशन मांगने का अधिकार भी दे दिया है। शर्त यह है कि जो स्टूडेंट ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करेंगे, उनको भी एडमिशन में बराबर का अधिकार मिलेगा और कोई भी कॉलेज स्टूडेंट्स को एडमिशन से मना नहीं कर सकते। कट ऑफ क्राइटेरिया की शर्तों को पूरा करने वाले स्टूडेंट एडमिशन के हकदार होंगे, चाहे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया हो या नहीं। खास बात यह है कि डीयू ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को स्टूडेंट प्रोफाइलिंग का नाम दिया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. जे. एम. खुराना कहते हैं कि कॉलेज स्टूडेंट्स से ऑनलाइन डिटेल मांग सकते हैं कि उनकी क्या पर्सेंट है और वे किसमें एडमिशन चाहते हैं? लेकिन इसका एडमिशन से कोई संबंध नहीं होगा। ऑनलाइन प्रोफाइल फॉर्म भरने की एवज में स्टूडेंट से कोई चार्ज नहीं लिया जा सकता।

File Photo



अब फॉर्म भरने का टेंशन खत्म।

यूनिवर्सिटी ने कहा है कि एक कट ऑफ जारी होने के बाद जो भी स्टूडेंट शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें एडमिशन देना होगा। एक कट ऑफ के लिए चार दिन का समय तय किया जाएगा और इस दौरान जितने भी स्टूडेंट्स आएंगे, उन्हें एडमिशन देना होगा। कॉलेज फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व की नीति नहीं अपना सकता, चाहे तय सीटों से ज्यादा स्टूडेंट्स भी आए। कट ऑफ लिस्ट और एडमिशन की डेट क्या होंगी, इस बारे में यूनिवर्सिटी जल्द ही दूसरा नोटिफिकेशन जारी करेगी। सभी कॉलेजों में एक ही एडमिशन शेड्यूल लागू होगा।